## सार-समाचार

### गर्मी में रक्त के लिए रक्तदान शिविर लगाया

**कोटा,** (निसं)। गर्मी का मौसम आते ही शहर में रक्त की कमी महसूस की जाती है, दूर दराज से आने वाले मरीज के परिजन रक्त को लेकर सैंपल हाथ में लिए भटकते नजर आते हैं, इसी दृश्य को ध्यान में रखते हुए लायंस क्लब कोटा टेक्नो व टीम जीवनदाता द्वारा स्वप्रेरणा से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि लोगों की परेशानी को देखते हुए कई संस्थाओं के को मैसेज किया गया, समाज के सेवा भावी लोगों को बुलाया गया। गर्मी में रक्त की कमी के चलते आ ही परेशानी को बताया गया, उसके बाद सुबह से ही लोगों का अपना ब्लड सेंटर में आने का सिलसिला शुरू हुआ जो शाम तक जारी रहा। इस दौरान 29 लोगों ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में नेगेटिव ग्रुप के लोगों को भी बुलाया गया, ताकि जो कमी आ रही है उसे पूरा किया जा सके। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि 2 दिन में कई लोगों को रक्त भी बिना रिप्लेसमेंट के उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति का रक्त तीन लोगों के जीवन को बचाने का काम करता है। इस अवसर पर मनीष बंसल, मनीष माहेश्वरी, नितिन मेहता, वर्धमान जैन, भगत शर्मा, सहित कई लोग उपस्थित रहे। अनिल पारेता , दिनेश राठी, राकेश आर्या, हेमराज नागर, एकलव्य कृष्णमूर्ति, कुंदन प्रजापति, दीपांकर राजुरा, प्रदीप कुमार नागर, सुनील कुमार चौहान, कशिश महिंद्रा, कुलदीप कलवार, जगदीश शर्मा, नमन गुप्ता, शाहबाज खान, अभिषेक गोस्वामी, मानस रोहिडा, आकर्ष भंडारी, कार्तिक जेठी, ऐश्वर्या शर्मा, भावेश मीणा, अक्षांश खंडेलवाल, हिमांशु सिंह आदि का योगदान रहा।

### कुन्हाड़ी माहेश्वरी महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, मोनिका बनी अध्यक्ष

**कोटा,** (निसं)। माहेश्वरी महिला मंडल कुन्हाड़ी की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह माहेश्वरी समाज कोटा के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। पदस्थापना अधिकारी पुष्पा सोमानी ने अध्यक्ष मोनिका भराड़ीया, सचिव अनिता समदानी, उपाध्यक्ष भारती मूंदड़ा व नेहा तोषनीवाल, कोषाध्यक्ष शुभ्रा समदानी, संगठन मंत्री अनिता जाजू और सह सचिव उमा अटल को शपथ दिलाई। इसके साथ ही विभिन्न समितियों में रूचि समदानी, अनिता लड्ढा, रचना लड्ढा, श्वेता समदानी, निर्मला काबरा, संतोष असावा, वन्दना झंवर, इन्द्रा मालू, महिमा लड्ढा, चांदनी राठी, रिन्कू, मधु व मीनाक्षी फलोड़, लीना कहालिया, विनीता काल्या, अंकिता पनवाड़, अर्चना माहेश्वरी, गायत्री मूँदड़ा, मन्जू बल्दवा, शालिनि लड्ढा, प्रियंका शारदा, ऋतु व अंजलि तोषनीवाल, शाइनी काबरा, ज्योति पनवाड़ एवं पूजा राठी ने भी शपथ ग्रहण की। मुख्य अतिथि राजेश बिरला ने मातृशक्ति को समाज की धुरी बताते हुए नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष कल्पना लड्ढा, सचिव अंकिता पनवाड़ सहित प्रदेश अध्यक्ष महेश चंद अजमेरा, जिला अध्यक्ष सुरेश काबरा, मनीष मूँदड़ा, बृजगोपाल भराड़ीया, कुन्ती मूँदड़ा, विनीता लहोटी, भारती डागा, संतोष तोषनीवाल, सरिता मोहता और अर्चना शारदा जैसे कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### प्लांट में मजदूरों के साथ हो रहा शोषण

**छबड़ा** (निसं)। यहां के थर्मल पॉवर प्लांट में मजदूरों के साथ हो रहे शोषण को लेकर थर्मल ठेका कर्मचारी मजदूर संघ ने विधायक प्रतापसिंह सिंघवी को ज्ञापन सौंपकर मजदूरो से जुड़ी समस्याओं से अवगत करवाते हुए षीघ्र समाधान किए जाने की मांग की। इस पर विधायक सिंघवी ने समस्याओ का शीघ्र ही निराकरण किए जाने का आष्वासन दिया। अध्यक्ष जगदीष अहीर के अनुसार ज्ञापन में बताया कि प्लांट में न तो मजदूरो को समय पर भुगतान मिलता है और न ही भुगतान में बढ़ोत्तरी की जाती हैं। प्लांट में पात्र मजदूरो को रोजगार नही मिल रहा हैं, जबकि हजारो श्रमिको के नाम फर्जी रूप से चल रहे हैं। प्लांट निर्माण में जिनकी भूमि आवप्त की गई थी, वो ही दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। प्रत्येक टेंडर में पूरी तरह से फर्जीवाडा किया जा रहा हैं। अकारण ही मजदूरों का हटाया जा रहा हैं। मजदूरो को दीपावली का बोनस तक नही दिया जाता हैं और दिया जाता है तो नाम मात्र का। प्लांट में कई बार घटनाएं, दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, उनको लेकर भी प्लांट प्रशाासन गंभीर नही हैं। उन्होने कहा कि जल्द ही समस्याओ का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की राह अपनाने पड़ेगी।

### विद्या भारती बारां की साधारण सभा आज

**छबड़ा** (निसं)। विद्या भारती शिक्षा संस्थान बारां की जिला कार्यकारिणी एवं जिला साधारण सभा की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सुबह 9 बजे आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगी। जिला मंत्री अशोक कुमार योगी ने बताया कि बैठक में विद्यालयों की प्रबंध समितियों के पदाधिकारी, प्रधानाचार्य एवं सक्रिय सदस्य विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं। यहां गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा, नवीन विषयों का वाचन, प्रांत एवं जिला बैठकों के निर्णयों का अनुमोदन, बजट स्वीकृति, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, वार्षिक प्रतिवेदन पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त नवीन प्रवेश अभियान तथा आगामी शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श होगा। जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार राठौर ने बताया कि बैठक के समापन सत्र में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन डॉ. सुरेंद्र अरोड़ा प्रांत मंत्री विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत, राजेंद्र कुमार मेहता अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं महावीर प्रसाद गौतम जिला अध्यक्ष विद्या भारती कोटा के मार्गदर्शन में होगा। जिसमें शैक्षिक एवं सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट सेवा देने वाली जिले की विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान होगा।

### टिपर गाड़ी में आग लगी, काबू पाया

**कोटा,** (निसं)। कैथूनीपोल थाना इलाके के श्रीपुरा क्षेत्र मे उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक कचरा उठाने वाली टिपर गाड़ी में अचानक से धुंआ उठने लगा, गनीमत रही कि समय रहते गाड़ी में लगी आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी के अनुसार श्रीपुरा इलाके के सुंदर धर्मशाला के समीप कचरे के टिपर गाड़ी में अचानक से आग लग गई, गाड़ी में धुंआ उठते ही चालक भी गाड़ी से बाहर आ गया, उसी समय मौके से गुजर रहे एक पुलिस जवान की नजर गाड़ी में लग रही आग पर पड़ी तो जवान ने तत्परता दिखाते हुए पास की दुकान से फायर सिलेंडर उठाया और फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाया और बाद में लोगों ने पानी डालकर आग को पूरी तरह बुझाया गया, सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। कैथूनीपोल थानाधिकारी ने बताया कि टिपर गाड़ी में आग की सूचना मिली जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और समय रहते गाड़ी में लगी आग पर काबू पा लिया गया। भीड़-भाड़ वाले इलाके में समय रहते आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा टल गया।

### आवासीय भूखंडों के आवंटन के लिए आवेदन मांगे

**रावतभाटा,** (निसं)। नगर पालिका रावतभाटा द्वारा रेरा में पंजीकृत सरदार भगत सिंह नगर आवासीय योजना के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी एवं एमआईजी-बी आय वर्ग के आवासीय भूखण्डों के ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसके लिए निर्धारित अवधि 23 मार्च से 22 अप्रैल तक रखी गई थी। हालांकि निर्धारित समय के बावजूद तकनीकी कारणों से आवेदन हेतु ऑनलाइन पोर्टल अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस संबंध में आवश्यक तकनीकी सुधार की प्रक्रिया जारी है और पोर्टल को जल्द से जल्द शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिशाषी अधिकारी मुकेश नागर ने बताया कि जैसे ही पोर्टल चालू होगा, इसकी सूचना पृथक रूप से समाचार पत्रों के माध्यम से आमजन को दी जाएगी। साथ ही, जिस तिथि से पोर्टल प्रारंभ होगा, उसी के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि भी आगे बढ़ाई जाएगी, ताकि इच्छुक आवेदकों को पूरा अवसर मिल सके।

### रावतभाटा नगर पालिका ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर लगाए प्रतिबंध

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा शहर में सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए नगर पालिका ने सख्त कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में विशेष टीम का गठन कर शहर की विभिन्न दुकानों पर निरीक्षण किया गया, जहां करीब 5 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान पालिका टीम ने दुकानदारों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्हें कपड़े के थैले, जूट बैग और अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में स्वास्थ्य निरीक्षक सहित नरपत सिंह, अर्जुन कुमार, अनिल और होमगार्ड जवान सक्रिय रूप से शामिल रहे। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# केवल परीक्षा केंद्रित न रहकर, इनोवेशन और क्रिटिकल थिंकिंग आधारित हो शिक्षा : नितिन विजय




मोशन के रानपुर स्थित ध्रुव बोर्डिंग स्कूल में एआई, रोबोटिक्स और एडवांस्ड इनोवेशन लैब के उद्घाटन हुआ।

■ ध्रूव बोर्डिंग स्कूल में एआई लैब का उद्घाटन

**कोटा,** (निसं)। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और एजुकेटर नितिन विजय ने कहा कि आने वाला समय केवल रटने वाली शिक्षा का नहीं, बल्कि सोचने और बनाने की क्षमता का है। इसलिए आज की शिक्षा को केवल परीक्षा केंद्रित न रहकर, इनोवेशन और क्रिटिकल थिंकिंग पर आधारित होना चाहिए।

वे शनिवार को मोशन के रानपुर स्थित ध्रूव बोर्डिंग स्कूल में एआई, रोबोटिक्स और एडवांस्ड इनोवेशन लैब के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इससे पहले चेयरमैन सुरेंद्र विजय ने पिकलबॉल कोर्ट, म्यूजिक रूम और नृत्य कक्ष का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि हम बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विश्वास रखते हैं। इसलिए शिक्षा के साथ खेल, संगीत और नृत्य पर भी जोर है।

इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. स्वाति विजय और अन्य डायरेक्टर भी मौजूद थे। नितिन विजय ने कहा कि ध्रुव बोर्डिंग स्कूल में अत्याधुनिक लैब्स विकसित की गई हैं, जहां छात्र किताबों से आगे बढ़कर प्रयोग और प्रोजेक्ट आधारित सीखने का अनुभव प्राप्त करेंगे। यह पहल छात्रों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और तकनीकी समझ को शुरुआती स्तर से मजबूत करेगी। एआई लैब के माध्यम से कक्षा 6 से 10 तक के स्टूडेंट्स को, उनके स्तर के मुताबिक मशीन लर्निंग, डेटा एनालिसिस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से परिचित कराया जाएगा। लैब में छात्र ऑटोमेशन और कोडिंग के जरिए अपने खुद के मॉडल और प्रोटोटाइप तैयार करेंगे।

इसके लिए उनको सेंसर, चिप, कनेक्टर्स के अलावा मेकेनिकल टूल किट उपलब्ध कराए जाएंगे। एडवांस्ड लैब का फोकस इंटरडिसिप्लिनरी लर्निंग पर होगा, जहां साइंस, मैथ और टेक्नोलॉजी को जोड़कर वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान खोजे जाएंगे। ध्रुव बोर्डिंग स्कूल में इन सुविधाओं को केवल उपकरणों तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसके साथ एक विशेष पाठ्यक्रम और मेंटरशिप मॉडल भी जोड़ा गया है।

इसमें छात्रों को एक्सपर्ट्स के साथ इंटरैक्शन, हैकाथॉन, इनोवेशन चौलेंज और रिसर्च प्रोजेक्ट्स में भाग लेने के अवसर मिलेंगे। उद्देश्य यह है कि छात्र केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि क्रिएटर बनें। यहां स्टूडेंट्स को एआई के यूज और मिसयूज से भी परिचित करवाया जाएगा। नितिन विजय ने स्पष्ट किया कि हमें उन्हें भविष्य की टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ना होगा, ताकि वे ग्लोबल लेवल पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। इस तरह की पहल नई शिक्षा नीति के उस विजन के अनुरूप हैं, जिसमें स्किल बेस्ड और एक्सपेरिएंशियल लर्निंग पर जोर दिया गया है। इस दौरान स्टूडेंट्स ने ड्रोन और आरसी प्लेन उड़ाए। थ्री-डी प्रिंटर का इस्तेमाल करके दिखाया। ब्लूटूथ और वायफाय से पंखे की स्पीड कम-ज्यादा, लाइट कम-ज्यादा और चालु बन्द करके, रोबोटिक आर्म और रिमोट कार चलकर दिखाई।

## ट्रेन के बाथरूम में अचेतावस्था में मिले यात्री की मौत

**कोटा,** (निसं)।जीआरपी पुलिस को शुक्रवार देर रात्रि को मिली सूचना के बाद इन्दौर-कोटा एक्सप्रेस के ट्रेन के कोच को चैक किया तो एक कोच में बाथरूम अंदर से बंद मिला, जब दरवाजा खोला गया तो युवक अचेतावस्था में मिला, जिसे जीआरपी पुलिस उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया, मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। मृतक की पहचान मध्यप्रदेश के खड़कपुर निवासी जगमोहन (37) के रूप में हुई, थानाधिकारी ने बताया कि मामले में सामने आया कि मृतक जगमोहन अपनी भाभी को दिखाने के लिये इन्दौर गया था, इन्दौर-कोटा ट्रेन में इन्दौर से रूठियाई जाने के लिये दोनों ट्रेन में चढ़े थे, ट्रेन के रूठियाई स्टेशन पर पहुंचने पर जगमोहन की भाभी ट्रेन से उतर गई और सोचा कि जगमोहन भी उतर जायेगा, लेकिन जगमोहन नहीं मिला तो परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जीआरपी पुलिस कोटा को सूचना मिली, सूचना पर तत्परता दिखाते हुए रेलवे स्टाफ की मदद से कोटा में खड़ी इन्दौर-कोटा ट्रेन के कोच को चैक किया तो कोच में एक बाथरूम बंद मिला, जब दरवाजा खुलवाया तो युवक अचेत मिला, जिसको जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

## पत्थरों से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रोली जप्त, दो जने गिरफ्तार

■ मंडाना पुलिस टीम व वन विभग टीम ने की कार्यवाही

**कोटा,** (निसं)। ग्रामीण इलाके की मंडाना पुलिस टीम व वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से अवैध खनन के विरूद्व कार्यवाही करते हुए पत्थरों से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रोली को जप्त कर दो जनों को गिरफ्तार किया गया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध खनन के विरूद्व कार्यवाही के लिये अभियान चलाया जा रहा है, ग्रामीण एसपी ने बताया कि अवैध खनन के विरूद्व कार्यवाही के लिये पुलिस उप अधीक्षक राजेश ढाका के सुपरविजन मे मंडाना थानाधिकारी वासुदेव के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही के लिये निर्देश दिये गये।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि मंडाना थानाधिकारी वासुदेव के नेतृत्व मे मंडाना पुलिस टीम व वन विभाग की टीम ने अवैध खनन के विरूद्व एनएच-52 पर कार्यवाही के लिये बिना नम्बर के दो ट्रैक्टर को रोका जिनकी ट्रोलियों में पत्थर भरे हुए थे।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने जब मौके पर दोनों ट्रैक्टर चालकों से वाहन के संबंधित कागजात मांगें तो कागजात नहीं होना बताया एवं ट्रोलियों में भरे पत्थरों के मामले में कोई संतोषपद् जबाव नहीं देने पर टीम ने मौके पर कार्यवाही करते हुए पत्थरों से भरे दोनों ट्रैक्टर-ट्रोलियों को जप्त किया एवं कार्यवाही करते हुए ढाणी कसार थाना मंडाना निवासी धनराज (19) एवं गणेशपुरा कसार निवासी बलराम (50) को गिरफ्तार किया मामले में वन विभाग टीम द्वारा अवैध खनन के संबध में नियमानुसार कार्यवाही की गई।

## जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। जिला शतरंज संघ कोटा के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय सीनियर शतरंज प्रतियोगिता 11 अप्रैल से तलवंडी स्थित माँ भारती स्कूल में आयोजित की जा रही है।

कोषाध्यक्ष ईश्वर शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन कोटा जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष प्रेम जे भाटिया द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 15000 के नकद पुरस्कार रखे गए हैं। इसके अतिरिक्त सभी विजेताओं को ट्रॉफी भी दी जाएगी। प्रतियोगिता में सभी आयु वर्गों के लिए विशेष पुरस्कार रखे गए हैं। सचिव मुकेश मंडलोई ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता को 5000 रुपये तथा ट्रॉफी द्वितीय पुरस्कार 4000 रुपये तथा ट्रॉफी तृतीय पुरस्कार 3000 रुपये तथा चौथा पुरस्कार 2000 रुपये दिया जाएगा।

शीर्ष महिला खिलाड़ी तथा शीर्ष सीनियर सिटीजन खिलाड़ी को भी नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी आयु वर्गों के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक मोहम्मद कासिम ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्विस पद्धति के आधार पर छह चक्र में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता के अंतिम 4 राउंड आज खेले जाएंगे। अध्यक्ष प्रेम भाटिया ने बताया कि प्रतियोगिता 67 खिलाड़ियों ने भाग ले रहे है।



जिला शतरंज संघ कोटा के तत्वावधान में जिला स्तरीय सीनियर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# कैट वुमन विंग का संवाद 15 अप्रैल को

■ लोकसभा-विधानसभा में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर होगा मंथन, शहर की अग्रणी महिलाएं होंगी शामिल

**कोटा,** (निसं)। नारी सशक्तिकरण, राजनीतिक भागीदारी एवं नेतृत्व विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से कैट केट वुमन विंग, जिला कोटा द्वारा आगामी 15 अप्रैल को झालावाड़ रोड स्थित होटल कन्ट्री इन में एक महत्वपूर्ण नारी वंदन, लोकसभा एवं विधानसभा में महिला प्रतिनिधित्व विषय पर विचार एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष नीलम विजय कर रही हैं, जिनके मार्गदर्शन में महिलाओं को नेतृत्व के लिए प्रेरित करने एवं उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी हेतु मंच प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लाडपुरा विधायक कल्पना देवी की उपस्थिति रहेगी। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा अपने विचार व्यक्त करेंगी।

इसके साथ ही पूर्व विधायक चन्द्रकान्ता मेघवाल, पूर्व मेयर सुमन श्रृंगी, पूर्व उप मेयर सुनीता व्यास, समाजसेवी सपना अग्रवाल एवं मोटिवेशनल स्पीकर सिफ्टी आहलूवालिया एडवोकेट कल्पना शर्मा समाज सेविका रेणु मिश्रा सहित अन्य गणमान्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम में दो दर्जन से ज्यादा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं महिला समूहों की सक्रिय भागीदारी रहेगी, जहां महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी, नेतृत्व क्षमता एवं नीति निर्माण में उनकी भूमिका पर व्यापक चर्चा होगी। इस अवसर पर कैट वुमन विंग जिलाध्यक्ष नीलम विजय के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की गतिविधियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सचिव भाविका प्रीत, ऋचा गुप्ता, रक्षा नरूका, मिलन सुवालका, आकांक्षा गुप्ता, चित्रांगी अग्रवाल, नंदिनी श्रृंगी, कीर्ति मित्तल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नीलम विजय ने बताया कि यह संवाद कार्यक्रम महिलाओं को ग्रासरूट स्तर से लेकर उच्च राजनीतिक मंचों तक पहुंचाने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा उन्हें सशक्त नेतृत्व के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को न केवल प्रेरित किया जाएगा, बल्कि उन्हें राजनीतिक एवं सामाजिक नेतृत्व में आगे आने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा, जिससे समाज में उनकी निर्णायक भूमिका और अधिक मजबूत हो सके।

## नव्या क्लब का शपथ ग्रहण समारोह बैसाखी थीम के साथ संपन्न

**कोटा,** (निसं)। सामाजिक सरोकारों के प्रति सदैव सक्रिय रहने वाला नव्या क्लब इस बार एक विशेष उद्देश्य के साथ चर्चा में रहा। क्लब का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया, जिसमें नई कार्यकारिणी ने अपने पदों की जिम्मेदारी संभाली और समाज सेवा का संकल्प लिया।

नव्या क्लब की संस्थापक अध्यक्षा आशिता माहेश्वरी ने बताया कि इस अवसर पर शानू जाखेटिया को क्लब का अध्यक्ष, नीतू गौर को सचिव, कांता फलोड को उपाध्यक्ष तथा निधि गुप्ता नकलक को कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारियों ने पूरे समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसे बैसाखी थीम पर आयोजित किया गया। सभी सदस्य पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सजे-धजे नजर आए, जिससे पूरा वातावरण रंग-बिरंगा और उत्सवमय हो गया। गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों ने ऐसा माहौल बना दिया मानो कोटा में ही मिनी पंजाब बस गया हो। सदस्यों की ऊर्जा और उत्साह ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। समारोह के दौरान एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी दिया गया। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर यह शपथ ली कि वे गौ माता को प्लास्टिक खाने से बचाने के लिए जागरूकता फैलाएंगे और इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और पशु कल्याण के प्रति क्लब की संवेदनशीलता को दर्शाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोजेक्ट डायरेक्टर नीलिमा तोषनीवाल के साथ बीना तोषनीवाल, ममता तोषनीवाल, ज्योति पनवाड़, उषा पनवाड़, सीमा मंडोवरा, उमा अटल एवं शिवांगी अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। सभी के सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन भव्य और प्रेरणादायक बन सका। अंत में नव्या क्लब के इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ उत्सव मनाना ही सच्चे अर्थों में समाज सेवा है।

## महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई

**कोटा,** (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फूले की जंयती पर शनिवार को नांता चौराहे पर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर पीयूष समारिया एवं अन्य अधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा फूले एवं सावित्री बाई फूले की तस्वीर पर माल्यार्पण किया एवं पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय सविता कृष्णिया, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई रामराज मीणा, अधीक्षक नारी निकेतन अंशुल मेहंदीरत्ता सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री फिरोज अहमद पुत्र श्री खलील अहमद निवासी मकान नं. 8-बी-23, महावीर नगर 3, जिला कोटा राजस्थान के है मेरे पक्षकार के पुत्र तोसिफ अहमद का व्यवहार एवं आचरण मेरे पक्षकार व उनके परिवार के प्रति सही नहीं होने के कारण मेरे पक्षकार ने उनके पुत्र तोसिफ अहमद को इस आम सूचना के जरिये अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व मकान आदि में से बेदखल करते हैं। तोसिफ अहमद से मेरे पक्षकार और उनके परिवारजनों का कोई लेना-देना नहीं है तथा तोसिफ अहमद के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिये या किसी भी वाद विवाद के लिये मेरा पक्षकार व उनका परिवार किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांक 10.4.26

प्रेषक
आनन्द निर्भीक, एडवोकेट
मो.नं. 9829848058

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम VATSAL AGRAWAL से बदलकर नया नाम VATSAL AGARWAL रख लिया हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-वत्सल अग्रवाल पुत्र पवन अग्रवाल, बी-525 इन्द्रा विहार, कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम उषा चौधरी से बदलकर नया नाम उषा गोयल रख लिया हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-उषा गोयल पत्नि राजेन्द्र चौधरी फ्लेट नं 202 आकांक्षादीप-2 प्लाट 155 बल्लभबाडी गुमानपुरा, कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैं TAJINDER PAL SINGH पुत्र श्री SATNAM SINGH JHASS निवासी मकान नं. 1-L-2 तलवंडी, कोटा है। मेरा पासपोर्ट नं-N 7693078 है जिसमें मेरा नाम TAJINDER PAL आलेखित रहा है जबकि मेरा सही नाम TAJINDER PAL SINGH है। भविष्य में मुझे TAJINDER PAL SINGH नाम से ही जाना जाये।


# सीएफसीएल में कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




एम्पलाइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा सीएफसीएल, गड़ेपान में कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**कोटा,** (निसं)। एम्पलाइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा सीएफसीएल, गड़ेपान में कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक कर्मचारियों को इनके दायरे में लाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजस्थान जोन के अतिरिक्त केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त अजीत कुमार रहे। उन्होंने अपने संबोधन में पीएम विकसित भारत रोजगार योजना की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि यह योजना रोजगार सृजन के साथ-साथ कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि वर्तमान समय में प्रत्येक कर्मचारी तक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

अजीत कुमार ने उपस्थित सभी नियोक्ताओं से आव्हान किया कि वे पीएमवीबीआरवाई योजना में बढ़-चढ़कर भाग लें, अपना पंजीकरण कराएं तथा इस योजना के लाभों को अधिकतम कर्मचारियों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने नियोक्ताओं को कर्मचारी नामांकन योजना (एम्पलाइज इनरोलमेंट स्कीम) के प्रावधानों का पूर्ण उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया, ताकि न केवल संस्थानों को लाभ मिले बल्कि कर्मचारियों को भी समुचित सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही उन्होंने नए सोशल सिक्योरिटी कोड के प्रमुख प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त सुधीर बत्रा ने ईपीएफओ द्वारा हाल ही में शुरू की गई पहलों, डिजिटल सेवाओं तथा सुधारात्मक कदमों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ईपीएफओ लगातार अपनी सेवाओं को सरल, पारदर्शी एवं सुलभ बनाने के लिए प्रयासरत है, जिससे कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों को सुविधा मिल सके। इस अवसर पर एसएसआई एसोसिएशन, सीएफसीएल की और से विक्रम सिंह चौहान, जनरल मैनेजर, सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन, शैलेन्द्र सक्सेना, जनरल मैनेजर, परचेस एंड स्टोर्स सहित आरटीएम, मंगला सिमेंट्स, एलन, अदानी ग्रुप, डीसीएम आदि प्रतिष्ठानों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में चौहान ने सभी अतिथियों एवं मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी अंकित शर्मा तथा प्रवर्तन अधिकारी आशीष कोडप ने भी अपने विचार एवं सुझाव साझा किए, जिससे कार्यक्रम और अधिक सार्थक एवं उपयोगी बन गया।